उत्तर प्रदेश ने छात्रों के लिये भरण-पोषण भत्ता बढ़ाया

चर्चा में क्यों?

प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत, उत्तर प्रदेश सरकार ने **दिव्यांग छात्रों** के लिये भरण-पोषण भत्ते को **2,000 रुपए से बढ़ाकर 4,000 रुपए प्रति माह** कर दिया है, जिससे राज्य के 28 आवासीय विद्यालयों में नामांकित 2,650 छात्रों को लाभ मिलेगा।

उत्तर प्रदेश सरकार के आँकड़ों के अनुसार, **हर वर्ष 50 लाख से अधिक छात्र** राज्य की **छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं** से लाभान्वित होते हैं, जिनमें से लगभग **14 से 15 लाख छात्र** अनुसूचित जाति से संबंधित होते हैं।

मुख्य बिंदु

- **अयोग्यता मानदंड**:
  - अब **40 वर्ष से अधिक आयु के छात्र** छात्रवृत्ति के पात्र नहीं होंगे, जबकि पहले आवेदन के लिये कोई अधिकतम आयु सीमा नहीं थी।
  - जो छात्र **उत्तर प्रदेश से बाहर के राज्य बोर्डों** से हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण करते हैं, उन्हें अब छात्रवृत्ति नहीं मिलेगी; हालाँकि, **CBSE और ICSE जैसे केंद्रीय बोर्डों** से उत्तीर्ण छात्रों को यह लाभ मिलता रहेगा।
  - **उत्तर प्रदेश से बाहर स्थित विश्वविद्यालयों** द्वारा संचालित उत्तर प्रदेश के परिसरों में पढ़ने वाले छात्रों को भी संशोधित योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति से वंचित कर दिया गया है।
- **अनिवार्य डिजिलॉकर**:
  - **छात्रवृत्ति आवेदकों** के लिये अब डिजिलॉकर **पंजीकरण अनिवार्य** होगा, जिससे **स्वचालित आधार-आधारित डाटा सत्यापन** संभव हो सकेगा और **धोखाधड़ी की घटनाएँ** रोकी जा सकेंगी।
- **अनुसूचित जाति के छात्रों के लिये राशि में वृद्धि**:
  - अनुसूचित जाति (SC) के छात्रों के लिये **वार्षिक छात्रवृत्ति राशि** में **500 रुपए** की वृद्धि की जाएगी, जिससे कुल राशि **3,500 रुपए प्रति वर्ष** हो जाएगी।
- **विशेष छूट**:
  - **प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना** के अंतर्गत **अस्वच्छ पेशों** (जैसे, मैला ढोने, कच्चे चमड़े से संबंधित कार्य आदि) से जुड़े परिवारों के बच्चों के लिये **आय सीमा की बाध्यता समाप्त** कर दी गई है, जिससे उन्हें **छात्रवृत्ति योजना** का लाभ मिल सके।

नोट:

- दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार, **21 प्रकार की दिव्यांगताएँ** मान्यता प्राप्त हैं, जिनमें **दृष्टि बाधित, श्रवण बाधित, वाणी एवं भाषा विकार, बौद्धिक दिव्यांगता, बहु दिव्यांगता, सेरेब्रल पाल्सी और बौनापन** आदि शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/up-increases-maintenance-allowance-for-students